# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FINAL EXAMINATION (22 March 2025)
### Class – IX
### Paper-Hindi Course - B (Set-A)

**Time: 3hrs.** **M.M. 80**

**सामान्य निर्देश:**
**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:**
**(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ' हैं।**
**(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है**
**(3) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**
**(4) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

### खंड - 'क'
### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**प्र०1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1 x 3 = 3, 2 x 2 = 4 (7)**

राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2023 में प्रस्तावित बदलाव स्कूली शिक्षा के स्वरूप और उसके द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण रचनात्मक, सुविचारित और सकारात्मक हैं। इसमें पहला सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सीखने के कौशलों पर बल देना है। नए फ्रेमवर्क में इस बात पर बल है कि विद्यार्थी की न केवल ज्ञान में बढ़ोतरी हो बल्कि वह नया ज्ञान अर्जित करने के कौशल, ज्ञान को जीवन में, लागू करने और सॉफ्ट स्किल्स व पेशेवर कौशल अर्जित करके समाज के लिए अधिक उपयोगी नागरिक बन सके। पाठ्यक्रम में विभिन्न मूल्यों पर भी बल दिया गया है। इनमें लोकतान्त्रिक मूल्यों को सम्मान, पर्यावरण की रक्षा, गरिमा, विविधता की सराहना, जीवदया, समानता आदि शामिल हैं। दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव विद्यार्थियों को विषय चुनने में छूट देना है। विद्यार्थियों को सीखने की आज़ादी देने व उन्हें करियर में फँसे रहने की बजाय, अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने की सुविधा दी गई है। तीसरा महत्वपूर्ण बदलाव सीखने में भाषाओं और उनमें भी भारतीय भाषाओं पर बल देना है। इस प्रस्ताव में भारतीय भाषाओं पर बल देने से एक तो विद्यार्थियों को अपनी भाषाएँ सीखने का अवसर मिलेगा, साथ ही भारत की अन्य भाषाओं को सीखने से उन्हें भारत से गहन परिचय प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

(i) गद्यांश की विषयवस्तु का आधार है-

(क) भारतीय भाषा (ख) विदेशी भाषा (ग) बाल केन्द्रित शिक्षा (घ) परंपरागत शिक्षण

(ii) सीखने के कौशलों पर बल दिया जाना क्यों आवश्यक है?

क) विदेशों से प्रतिस्पर्धा के लिए ख) कौशल परिवर्तन के लिए

ग) सामाजिक लाभ के लिए घ) व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए

(iii) 'लोकतांत्रिक मूल्यों' से क्या अभिप्राय है?

(क) लोगों के लिए आवश्यक मूल्य (ख) मूल्यपरक प्रश्नों को पूछना

(ग) लोकतंत्र का महत्व बताना (घ) लोक कथाओं को महत्व

(iv) अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन करने को महत्वपूर्ण बदलाव क्यों माना गया है?

(v) गद्यांश के अनुसार पाठ्यक्रम में किन मूल्यों पर बल दिया गया है?

**प्र०2.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1 x 3 = 3, 2 x 2 = 4 (7)**

बड़ा बनने के लिए हमें विशाल काम करने की ज़रूरत नहीं होती, बल्कि प्रत्येक काम में विशालता के चिहन खोजने पड़ते हैं। अपने अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा को जन्म देना होता है। दुनिया में ज्ञान का जो बोलबाला है, उसमें हमारे कौतूहल की केन्द्रीय भूमिका है। अल्बर्ट आईस्टीन ने एक बार अपने साक्षात्कार में कहा था कि हमारी जिज्ञासा ही

A-1

Scanned with CamScanner

हमारे अस्तित्व का आधार है। बिना प्रश्न के हमारे जीवन में न गति आएगी और न कोई रस होगा। जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं। कार्य करने का ही परिणाम है कि नई तकनीक ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चीजें आज दुनिया में आ रही हैं। जब हम कहते हैं क्यों, कैसे, क्या, तब हमारे अन्दर की स्नायु प्राण ऊर्जा और संकल्प एक नई गति और उत्साह के साथ नवीनता की यात्रा करने लगते हैं।

हमें इस दुनिया की इतनी आदत पड़ चुकी है कि लीक से हटकर सोचना नहीं चाहते। कोई विभिन्नता नहीं, न ही कोई नवीनता है। यह कैसा जीवन है, जिसमें कोई कौतूहल नहीं कोई आश्चर्य नहीं ? इस जगत में हमारी स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है, जो अपनी सुखमयी व्यवस्था में पड़े रहते हैं लेकिन जो स्वतंत्र होते हैं, वे हृदय की आवाज़ सुनते हैं। जो बड़ा होना चाहते हैं, इस दुनिया और इसकी प्रत्येक घटना, वस्तु एवं स्थिति पर अपना आश्चर्य प्रकट करते हैं। प्रत्येक घटना और वस्तु से परे हटकर जो सोचने और उसको देखने की कोशिश करते हैं, वही बड़ा बनते हैं। जिज्ञासु मन और बुद्धि ही दर्शन और विज्ञान की दुनिया बनाते हैं।

(i) प्रत्येक काम में विशालता के चिह्न खोजने से लेखक का अभिप्राय है-

(क) बड़ी सोच व्यक्ति को बड़ा बनने की प्रेरणा देती है (ख) प्रत्येक काम को महत्व देकर उसे गहराई से समझें

(ग) प्रत्येक काम को करने के लिए सदैव तत्पर रहें (घ) प्रत्येक काम का आयोजन बड़े पैमाने पर करें।

(ii) अस्तित्व शब्द का अर्थ है-

क) विद्यामानता ख) जिज्ञासु प्रवृति ग) गतिमान घ) नवीनता

(III) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(1) हमारी मानसिक स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह नहीं होती है।

(2) जो स्वतन्त्र मानसिकता वाले होते हैं, वे दूसरों की आवाज़ नहीं सुनते हैं।

(3) हमारे शारीरिक, मानसिक व चारित्रिक विकास राष्ट्र के लिए होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(क) केवल (1) (ख) केवल (3) (ग) (1) और (3) (घ) (1) और (2)

(iv) लीक से हटकर सोच को विकसित करने के लिए क्या आवश्यक हैं।

(v) जिज्ञासा हमारे अस्तित्व के आधार की परिचायक क्यों हैं ।

## खंड (ख)- व्यावहारिक व्याकरण

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** **(2)**

क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द ही......... कहलाता है।

ख) प्रत्येक स्वतंत्र और सार्थक वर्ण- समूह क्या कहलाता है?

ग) व्याकरणिक रूप में बदल जाने पर शब्द क्या बन जाता है?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(2)**

क) (दण्ड) शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करें।

ख) (महगाई) शब्द में अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करें।

ग) भांति, मुंह, पांचवां, आशंका शब्दों में से अनुस्वार चिह्न के सही प्रयोग वाले शब्द का चयन करें।



Scanned with CamScanner

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दें-** (4)

क) 'संगठन' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

ख) 'सह' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

ग) 'बलिष्ठ' शब्द में से मूल तथा प्रत्यय शब्द अलग करके लिखिए।

घ) 'नीय' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

(ङ) 'अदृश्य' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (कोई तीन करें)** (3)

क) 'अन्वीक्षण' (संधि विच्छेद करें)

ख) 'महौजस्वी' (संधि विच्छेद करें)

ग) पितृ+ इच्छा, उप + इंद्र (संधि करें)

घ) वि + ऊह, गै + अक (संधि करें)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए** (2)

क) अध्यापक ने कक्षा में मंत्र लघु कथा सुनाई **(विराम चिन्ह लगाएँ)**

ख) सुबह से शाम तक वे नगर नगर गली गली भटकते रहे **(विराम चिन्ह लगाएँ)**

ग) विस्मयादिबोधक विराम चिन्ह लगाकर एक वाक्य बनाएँ।

**प्रश्न 8. निर्देशानुसार किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए:-** (3)

क) माली ने फूलों से माला बनाई। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताएँ)

ख) तुम कल स्कूल क्यों नहीं गए? (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताएँ)

ग) अपना गृह कार्य पूरा करो। (संदेहवाचक में परिवर्तित कीजिए)

घ) तुम्हारी साडी बहुत सुंदर है । (विस्मयादिबोधक में परिवर्तित कीजिए)

## खंड (ग)- पाठ्यपुस्तक

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखें।** (5)

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा कि सफलता बहुत नज़दीक है। 23 मई, 1984 के दिन दोपहर को एक बजकर सात मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी।

एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली मैं प्रथम भारतीय महिला थी। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ हजारों मीटर लम्बी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले फावड़े से बर्फ की खुदाई कर अपने आप को सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद मैं घुटनों के बल बैठी, बर्फ पर अपने माथे को लगाकर 'सागरमाथे' के ताज का चुम्बन किया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चना की और इनको बर्फ में दबा दिया।

1.लेखिका की साँस किस कारण रुक गई?

(क) अस्वस्थता के कारण। (ख) अधिक दुःखी होने के कारण।

(ग) प्रसन्नता की अधिकता के कारण। (घ) अधिक व्यस्तता के कारण।



Scanned with CamScanner

2.लेखिका ने किस समय क्या गौरव हासिल किया था ?

(क) 24 मार्च, 1990 के दिन चाँद पर पहुँचने का।

(ख) 28 मार्च, 1987 के दिन विदेश यात्रा का।

(ग) 30 मार्च, 1985 के दिन अन्तरिक्ष में पहुँचने का।

(घ) 23 मई, 1984 के दिन एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने का

3. लेखिका ने शिखर विजय की स्मृति को बनाए रखने के लिए क्या किया ?

(क) माँ दुर्गा के चित्र तथा हनुमान चालीसा को लाल कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया

(ख) माँ पार्वती का चित्र तथा शिवजी चालीसा को लाल कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया।

(ग) माँ सरस्वती का चित्र व वीणा को सजाकर सफेद कपड़े में रखकर बर्फ में दबाया।

(घ) माँ लक्ष्मी का चित्र व विष्णु का शंख कपड़े में लपेटकर बर्फ में दबाया।

4.एवरेस्ट शंकु पर पहुँचकर लेखिका ने स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित किया ?

(क) फावड़े से बर्फ़ की खुदाई करके। (ख) खुरपी से बर्फ़ को खोदकर।

(ग) हथौड़े से बर्फ़ को तोड़कर। (घ) इनमें से कोई नहीं।

5.'सागरमाथा' से अभिप्राय है-

(क) गंगा नदी (ख) हिमालय पर्वत (ग) शिवलिंग। (घ) अरावली पर्वत

**प्रश्न 10. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (5)

बैठा शुक उस घनी डाल पर जो खोंते पर छाया देती।
पंख फुला नीचे खोंते में शुकी बैठ अंडे है सेती।
गाता शुक जब किरण बसंती छूती अंग पर्ण से छनकर।
किंतु, शुकी के गीत उमड़कर रह जाते सनेह में सनकर।

(1) कवि ने शुक-शुकी के माध्यम से किसके अंतर को बतलाया है?

(क) नदी-जल के (ख) सूर्य-किरण के (ग) सुख-दुख के (घ) गीत-अगीत के

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

(क) पतझड़ (ख) शरद (ग) वसंत (घ) ग्रीष्म

(iii) छूती अंग पर्ण से छनकर में 'पर्ण' का क्या अर्थ है?

(क) पंख (ख) पेड़ (ग) पते (घ) पक्षी

(iv) 'सनेह' का क्या अर्थ है?

(क) प्रेम (ग) स्नेह (ख) वात्सल्य (घ) ये सभी

(v) उपर्युक्त काव्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(क) गीत और अगीत दोनों ही सुंदर होते हैं।

(ख) व्यक्त स्वरों में मन का आनंद समाया होता है।

(ग) अव्यक्त स्वरों में मन का आनंद अधिक घनीभूत हो उठता है।

(घ) व्यक्त गीत में मन का आनंद नहीं होता ।

A-4

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 11 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।** (2+2+2=6)

क) भगवाना के परलोक गमन के बाद बुढ़िया के सामने तुरंत कौन सी कठिनाई उपस्थित हुई? बुढ़िया ने उसका समाधान किस प्रकार किया?

ख) बातचीत की उछलती गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोनों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में जाकर चुपचाप पड़ी है। 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

ग) 'इस पेशे में आमतौर पर स्याह को सफेद और सफेद को स्याह करना पड़ता है'। 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

घ) रामन प्रभाव की खोज से भौतिकी के क्षेत्र में क्या प्रभाव पड़ा?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें:-** (2+2+2=6)

क) रैदास ने अपने पदों में परमात्मा को 'गरीब निवाज़ु' बताया है। कवि इसके माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

ख) पानी गए न ऊबरै मोती, मानुष, चून। इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

ग) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार दुख-दर्द में सुख और आनंद तथा दुर्गंध के बीच सुगंध का सृजन होता है।

घ) 'यहां स्मृति का भरोसा नहीं एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया'। कविता 'नए इलाके में' के आधार पर व्याख्या कीजिए।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर विस्तार से दीजिए।** (4+4=8)

क) पशु पक्षियों को पिंजरे में बंद करके रखना कहाँ तक उचित है? आपके विचार से मुक्त पशु पक्षियों को ही पालतू बना कर रखना अधिक उचित है या पिंजरे में बंद करके रखना? 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) 'पिटने का भय और ज़िम्मेदारी की दुधारी तलवार उनके कलेजे पर फिर रही थी।' पाठ 'स्मृति' के आधार पर स्पष्ट करते हुए बताइए कि लेखक ने किसका साथ दिया और क्यों?

ग) 'बाहरी लोगों के आगमन के कारण त्रिपुरा राज्य बहु-धार्मिक समाज का उदाहरण बना' (पाठ कल्लू कुम्हार की उनाकोटी) के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें.** (5)

***मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना**

संकेत बिंदु:- सभी मजहब एक, सभी धर्म का आधारभूत तत्व, धर्म के सच्चे स्वरूप को ना पहचानने से हानि, सच्चे धर्म का अर्थ, मित्रता व सहयोग का मार्ग, निष्कर्ष।

**2.नैतिक मूल्यों के निर्माण में शिक्षक का महत्व**

संकेत बिंदु:- शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका, समाज और राष्ट्र के हितैषी, शिक्षा का सही उद्देश्य, आंतरिक विकास, नैतिक मूल्यों में गिरावट, निष्कर्ष।



Scanned with CamScanner

**3.भिक्षावृत्ति की समस्या**

संकेत बिंदु:-भिक्षावृत्ति जीवन निर्वाह का साधन, कारण, भिक्षावृत्ति भारतीय लोकतंत्र के नाम पर कलंक, भिक्षावृत्ति अनेक प्रकार के अपराधों की जननी, सरकार और देशवासियों का दायित्व, निष्कर्ष।

**प्रश्न 15.** किसी ऐसे अपरिचित व्यक्ति को पत्र लिखिए ,जिसने आपकी खोई वस्तु को लौटाया हो। **(5)**

**अथवा**

आपके विद्यालय में खेलने के दौरान विद्यार्थी को चोट लग गई। विद्यालय में उचित चिकित्सा सुविधा ना होने के कारण उसे बाहर किसी अस्पताल में ले जाया गया। अपने पिताजी को पत्र द्वारा सूचित करते हुए पूरी घटना का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 16.** आपके शहर में सांस्कृतिक मेला लगने जा रहा है। वहाँ जाने के संबंध में माँ और बेटी के मध्य वार्तालाप संवाद के रूप में लिखें। **(5)**

**अथवा**

ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश हेतु अपनी रुचि के आधार पर विषय चयन के संबंध में दो मित्रों के मध्य संवाद लिखें।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित चित्र का वर्णन 70 से 80 शब्दों में कीजिए।** **(5)**



A-6

Scanned with CamScanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA

## FINAL EXAMINATION (22 March 2025)

**Class – IX**

**Paper-Hindi Course - B (Set-B)**

**Time: 3hrs.** **M.M. 80**

**सामान्य निर्देश:**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:**

**(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ' हैं।**

**(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है**

**(3) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**

**(4) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

### खंड - 'क'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**प्र०1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1 x 3 = 3, 2 x 2 = 4 (7)**

प्रबुद्ध भारत', दिसंबर 1898, को दिए एक साक्षात्कार में विवेकानंदजी ने बताया कि मैंने पृथ्वी के दोनों गोलार्थों का पर्यटन किया है। मेरा तो दृढ़ विश्वास है कि जिस जाति ने सीता को उत्पन्न किया, चाहे वह उसकी कल्पना ही क्यों न हो, उस जाति में स्त्री जाति के लिए इतना अधिक सम्मान और श्रद्धा है, जिसकी तुलना संसार में हो ही नहीं सकती। पाश्चात्य स्त्रियाँ ऐसे कई कानूनी बंधनों से जकड़ी हुई हैं, जिनसे भारतीय स्त्रियाँ सर्वथा मुक्त एवं अपरिचित हैं। भारतीय समाज में निश्चय ही दोष और अपवाद दोनों हैं। पर यही स्थिति पाश्चात्य समाज की भी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि संसार के सभी भागों में प्रीति, कोमलता और साधुता को अभिव्यक्त करने के प्रयत्न चल रहे हैं। भारतीय स्त्री-जीवन में बहुत-सी समस्याएँ हैं और ये समस्याएँ बड़ी गंभीर हैं। परन्तु इनमें से कोई भी ऐसी नहीं हैं जो 'शिक्षा' रूपी मंत्र-बल से हल न हो सके। पर हाँ, शिक्षा की सच्ची कल्पना हममें से कदाचित ही किसी ने की हो। मैं मानता हूँ कि सच्ची शिक्षा वह है जिससे मनुष्य की मानसिक शक्तियों का विकास हो। वह शब्दों का केवल रटना मात्र न हो। यह व्यक्ति की मानसिक शक्तियों का ऐसा विकास हो जिससे वह स्वयमेव स्वतंत्रतापूर्वक विचार करके उचित निर्णय कर सके। भारतीय स्त्रियों को ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे वे निर्भय होकर भारत के प्रति अपने कर्तव्य को भली-भाँति निभा सकें और संघमित्रा, लीला, अहिल्याबाई और मीरा आदि महान् भारतीय देवियों की परंपरा को आगे बढ़ा सकें, 'वीर-प्रसूता' बन सकें।

(i) गद्यांश में समस्त विश्व द्वारा किए जाने वाले किन प्रयत्नों का उल्लेख है?

(क) स्त्रियों को धार्मिक-सामाजिक शिक्षा दिए जाने के लिए किए जाने वाले प्रयास ।

(ख) लोगों में प्रेम, सज्जनता एवं संवेदनशीलता के विकास के लिए किए गए प्रयास ।

(ग) मानव जाति को धर्म-राजनीति की शिक्षा हेतु किए जाने वाले प्रयास।

(घ) समस्त समस्याओं का समाधान धर्म में तलाशने हेतु किए जाने वाले प्रयास ।

ii) "भारतीय समाज में निश्चय ही दोष और अपवाद दोनों हैं।" विवेकानंद ने ऐसा क्यों कहा ?

(क) भारतीय समाज में महिलाओं के शोषित और सशक्त दोनों रूप होने के कारण।

(ख) भारतीय समाज में महिलाओं का बहुत अधिक शोषण होने के कारण।

(ग) भारतीय समाज में महिलाओं के अत्यधिक धार्मिक होने के कारण।

(घ) भारतीय समाज में महिलाओं के अत्यधिक अशिक्षित होने के कारण।



Scanned with CamScanner

(iii) 'सच्ची शिक्षा' की परिकल्पना में शामिल नहीं है-

(क) धर्म-शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का समाधान ।

(ख) महिलाओं की शिक्षा-प्राप्ति में समान रूप से भागीदारी

(ग) अभय, सजगता एवं कर्तव्यबोध के विकास हेतु शिक्षा

(घ) स्वतंत्र सोच एवं निर्णय क्षमता के विकास हेतु शिक्षा।

(iv) हर समस्या के समाधान का राम-बाण क्या है ?

(v) गद्यांश के अनुसार सच्ची शिक्षा क्या है?

**प्र०2.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1 x 3 = 3, 2 x 2 = 4 (7)**

अनुभवी व्यक्तियों का कहना है, लक्ष्य चुनना ही काफ़ी नहीं होता, बल्कि उसे जितनी जल्दी चुना जाए, उतना ही बेहतर है। कई बड़े काबिल लोग लक्ष्य चुनने में इतनी देर कर देते हैं कि उसे हासिल करने के लिए जीवन में समय ही नहीं बचता। इसीलिए स्कूली स्तर पर ही भाषा, गणित, विज्ञान समेत सभी विषयों के साथ-साथ खेल-कूद, नृत्य-संगीत जैसी विधाओं को भी पाठ्यक्रमों से जोड़ा जाता है, ताकि कच्ची उम्र से ही बच्चे अपनी रुचि के अनुरूप जीवन का लक्ष्य तय कर उस दिशा में आगे बढ़ सकें। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अपने शौक को लक्ष्य और फिर पेशे के रूप में चुनने से सफ़लता सुनिश्चित हो जाती है, क्योंकि इन्हें हासिल करने में इंसान अपना दिल, दिमाग और ताक़त लगा देता है। लक्ष्य निर्धारण में देरी का अर्थ ही दूसरों से पिछड़ना है। आमतौर पर बच्चे कहते हैं कि मैं बड़ा होकर डॉक्टर, इंजीनियर या आई.ए.एस. बनूँगा, लेकिन इससे आगे बढ़ने का प्रयास नहीं करते। स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने तो किशोरावस्था में ही गायिका बनने का प्रयास शुरू कर दिया था और इतिहास रच दिया। तय है, लक्ष्य के साथ जीना सीखने वाले मुड़कर नहीं देखते। कई सारे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि सफ़लता का बड़ा हिस्सा लक्ष्य निर्धारण में जल्दी या देरी पर टिका है। महज़ आठ वर्ष की आयु में अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने तैराकी में ओलिम्पिक पदक जीतने का लक्ष्य साधा और आगे चलकर कुल अट्ठाईस पदक जीतकर ओलिम्पिक रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिवाजी महाराज ने कहा था 'एक छोटा कदम लक्ष्य निर्धारण की ओर बाद में सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करा देता है।' इसलिए सोच-विचार में समय गँवाने के बजाए लक्ष्य चुनिए और उड़ान भरना शुरू कीजिए।

(i) अनुभवी व्यक्तियों का लक्ष्य चयन के विषय में क्या मत है?

(क) लक्ष्य सोच-विचार कर शीघ्र निर्धारित करना चाहिए।

(ख) लक्ष्य निर्धारण करने में बड़ों की सलाह लेनी चाहिए।

(ग) लक्ष्य निर्धारण करने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(घ) लक्ष्य निर्धारण आर्थिक लाभ को देखकर किया जाना चाहिए।

(ii) स्कूली स्तर पर विभिन्न विषयों के साथ अन्य विधाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा क्यों बनाया जाता है?

(क) बच्चों के दिमाग को कुछ समय आराम मिल सके।

(ख) बच्चे रुचि के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ सकें।

(ग) बच्चों को अन्य विधाओं की जानकारी मिल सके।

(घ) बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन भी हो सके।

B-2

Scanned with CamScanner

(iii) गद्यांश में लेखक ने प्रसिद्ध व्यक्तियों के उदाहरण क्यों दिए हैं?

(क) उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए

(ख) सही उम्र में लक्ष्य निर्धारण की महत्ता समझाने के लिए

(ग) उनकी तरह परिश्रम कर महान् बनने के लिए

(घ) उनके जीवन के इतिहास से परिचित करने के लिए

(iv) गद्यांश में प्रयुक्त 'उड़ान भरने' का क्या अर्थ है? कुछ पंक्तियां लिखें।

(v) अपने शौक को लक्ष्य और पेशा बनाने से कैसे सफलता सुनिश्चित हो जाती है?

**खंड (ख)- व्यावहारिक व्याकरण**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।** (2)

क) एक या एक से अधिक अक्षरों से बनी हुई स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि क्या कहलाती है?

ख) ............. भाषा की वाक्य में प्रयुक्त होने वाली एक इकाई है।

ग) शब्द और पद में एक अंतर लिखें?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2)

क) (काम्पना) शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ख) (कुन्डली) शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करें।

ग) जँगल, अँगूर, अँश, ऊँचे शब्दों में से अनुनासिक के सही प्रयोग वाले शब्द का चयन करें।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर दें-** (4)

क) 'विश्राम' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

ख) 'प्र' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

ग) 'प्रोत्साहित' शब्द में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

घ) 'पूर्ण' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाएँ।

(ड) 'कालिमा' शब्द में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। (कोई तीन करें)** (3)

क) अन्वेषण (संधि विच्छेद करें)

ख) सूर्योदय (संधि विच्छेद करें)

ग) वीर + औदार्य, यदि + अपि (संधि करें)

घ) शुभ + इच्छा, नारी + इंद्र (संधि करें)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए** (2)

क) सैनिक प्रणाम करते हुए महाराज की जय हो **(विराम चिन्ह लगाएं)**

ख) प्रियतम कविता की रचना श्री सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी ने की है **(विराम चिन्ह लगाएं)**

ग) दोहरा उद्धरण चिह्न लगाकर एक वाक्य बनाएँ।



Scanned with CamScanner

**प्रश्न 8. निर्देशानुसार किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** (3)

क) सूर्य उदय होगा तो अंधकार नष्ट होगा। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताएँ)

ख) आज तो कोई मिठाई खिला दे। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताएँ)

ग) वह प्रतिदिन व्यायाम करता है। (प्रश्नवाचक वाचक वाक्य में परिवर्तित करें)

घ) बच्चों को बुलाओ। (निषेधवाचक वाक्य में परिवर्तित करें)

## खंड (ग)- पाठ्यपुस्तक

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखें।** (5)

अंगदोरजी बिना ऑक्सीजन के ही चढ़ाई करने वाला था। लेकिन इसके कारण उसके पैर ठण्डे पड़ जाते थे इसलिए वह ऊँचाई पर लम्बे समय तक खुले में और रात्रि में शिखर कैंप पर नहीं जाना चाहता था। इसलिए उसे या तो उसी दिन चोटी तक चढ़कर साउथ कोल पर वापस आ जाना था अथवा अपने प्रयास को छोड़ देना था। वह तुरन्त चढ़ाई शुरू करना चाहता था और उसने मुझसे पूछा, क्या मैं उसके साथ जाना चाहूँगी ? एक ही दिन में साउथ कोल से चोटी पर जाना और वापस आना बहुत कठिन और श्रमसाध्य होगा। इसके अलावा यदि अंगदरोजी के पैर ठण्डे पड़ गए तो उसके लौटकर आने का भी जोखिम था। मुझे फिर भी अंगदरोजी पर विश्वास था और साथ-साथ मैं आरोहरण की क्षमता और कर्मठता के बारे में आश्वस्त थी।

1. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है-

(i) दुःख का अधिकार (ii) एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा (iii) धूल (iv) तुम कब जाओगे अतिथि

2. बिना ऑक्सीजन चढ़ाई के कारण अंगदोर जी की क्या दशा हो जाती थी ?

(i) अस्वस्थ हो जाते थे (ii) उबकाई बहुत आती थी

(iii) पैरों में दर्द होने लगता था (iv) उनके पैर ठण्डे पड़ जाते थे

3. बचेंद्री को अंगदोरजी के साथ जाने में कौन-सी परेशानी हुई?

(i) अंगदोरजी बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई करने में विश्वास रखते थे।

(ii) अंगदोरजी बिना रुके ही चढ़ाई करना चाहते थे।

(iii) अंगदोरजी रात्रि के समय खुले में विश्राम करना चाहते थे।

(iv) अंगदोरजी अधिक देर तक खुली बर्फ में रहना चाहते थे।

4. जान का जोखिम होने पर भी वह आश्वस्त क्यों थी ?

(i) क्योंकि उसे अंगदोरजी पर विश्वास नहीं था।

(ii) क्योंकि उसे अंगदोरजी के अस्वस्थ होने का अंदेशा था।

(iii) क्योंकि उसे अंगदोरजी पर और अपनी आरोहरण क्षमता पर विश्वास था।

(iv) क्योंकि उसे अंगदोरजी की कर्मठता पर विश्वास नहीं था।

5. 'विश्वास' शब्द का विलोम है -

(i) नि: श्वास (ii) विश्वाश (iii) अविश्वास (iv) अश्वास

B-4

Scanned with CamScanner

प्रश्न 10. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

दीरघ दोहा अरथ के, आखर थोरे आहिं।
ज्यों रहीम नट कुंडली, सिमिटि कूदि चढ़ि जाहिं ।।
धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पिअत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ।।

(i) प्रस्तुत पद्यांश में रहीम ने किसकी विशेषता बताई है?

(क) कवि की (ख) नट की (ग) कुंडली की (घ) दोहे की

( ii ) दोहे छंद की विशेषता/विशेषताएँ हैं-

(क) उसमें अक्षर कम होते हैं। (ख) उसमें अक्षर अधिक होते हैं।

(ग) उसके शब्दों के अर्थ बड़े गहरे होते हैं। (घ) (क) और (ग) दोनों

(iii) रहीम अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए किसका उदाहरण देते हैं?

(क) नट का (ख) नर्तक का (ग) संगीतकार का (घ) कवि का

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता दोहे की है?

(क) दोहा गंभीर अर्थ की अभिव्यंजना करता है।

(ख) दोहा सरल अर्थ की अभिव्यंजना करता है।

(ग) दोहा गहरी बात को व्यापक शब्दों में अभिव्यक्त करता है।

(घ) दोहा नट की तरह मनोरंजन करता है।

(v) उपर्युक्त काव्यांश के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(क) दोहा गागर में सागर की भाँति है।

(ख) सरोवर का कीचड़ युक्त जल उपयोगी है।

(ग) मनुष्य के जीवन की सार्थकता स्वयं की भलाई में हैं।

(घ) परोपकारी ही वास्तव में महान होते हैं।

**प्रश्न 11.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। (2+2+2=6)**

(क) आपने 'दुख का अधिकार' पाठ में अंधविश्वास पर आधारित एक कहानी पढ़ी। क्या भगवान की बूढी मां अंधविश्वास का शिकार बनी ?पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) उपवास रखने की बात लेखक ने क्यों सोची? 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) रामन द्वारा किए गए किस कार्य को लेखक ने 'हिम्मत का काम' कहा, जिसमें उनका नुकसान भी हो सकता था?

(घ) महादेव भाई के व्यक्तित्व की सरलता, कोमलता तथा उनकी विलक्षण और निर्मल प्रतिभा को लेखक ने किस प्रकार चित्रित किया है? पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

**प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें:- (2+2+2=6)**

(क) रैदास के प्रस्तुत पदों से कवि हमें क्या प्रेरणा देना चाहता है?

(ख) नदी का किनारो से कुछ कहते हुए बह जाने पर गुलाब क्या सोच रहा है? इससे संबंधित कुछ पंक्तियां लिखिए।

(ग) 'अग्निपथ' कविता का मूल भाव क्या है? स्पष्ट करें।

B-5

Scanned with CamScanner

(घ) कवि ने हाथों के लिए कौन-कौन से विशेषणों का प्रयोग किया है?' खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर स्पष्ट करें।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर विस्तार से दीजिए।** (4+4=8)

(क) लेखक द्वारा पहली पुस्तक खरीदने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।(पाठ मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय के आधार पर)

(ख) 'मंजू ऋषि दास बहुआयामी व्यक्ति की प्रतिभा संपन्न महिला थी।' कल्लू कुम्हार की उनाकोटी पाठ के आधार पर उनकी विशेषताएं बताइए?

(ग) 'मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उल्टी निकलती है' 'स्मृति' पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट करें।

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें।** (5)

**राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों का योगदान**

संकेत बिंदु :-राष्ट्रवासी का कर्तव्य, विद्यार्थी का कार्य, देश हेतु कुछ करने का संकल्प, राष्ट्र हित।

**मधुर वचन है औषधि**

संकेत बिंदु:- मधुर वचन, वशीकरण मंत्र,कटु भाषा का प्रभाव, निष्कर्ष।

**आरक्षण की समस्या**

संकेत बिंदु:-आरक्षण का अर्थ, आरक्षण दिए जाने के पक्ष में तर्क, आरक्षण का वर्तमान स्वरूप ,विपक्ष में तर्क ,निष्कर्ष।

**प्रश्न 15.**अपने विदेशी मित्र को भारतीय रीति -रिवाजों के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आपका छोटा भाई छात्रावास में रहकर खुश नहीं है, क्योंकि अभी तक वह कोई दोस्त नहीं बना पाया है। अपने भाई को पत्र लिखकर कुछ सलाह दीजिए ताकि वह कुछ मित्र बना सके।

**प्रश्न 16.** आपके घर आए मेहमान को आपके पड़ोसी के कुत्ते ने काट लिया है। आपके और आपके पड़ोसी के मध्य संवाद लिखिए। (5)

**अथवा**

मेट्रो स्टेशन पर खड़े दो व्यक्तियों के मध्य होने वाली बातचीत पर संवाद लिखें।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित चित्र का वर्णन 70 से 80 शब्दों में कीजिए।** (5)




B-6

Scanned with CamScanner